आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का उपक्रम)

प्रथम तल उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।

Email md@idabihar.com Web-www.idabihar.com Phone/ 0612-2675933,2675935 Fax: 0612-2675934

पत्रांक.................. दिनांक ....

प्रेषक,

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

Registered Post & E-Mail

सेवा में,

Ganga Enterprises,
Shop No-2, Divya Apartment,
Ashiyana-Digha Main Road, Patna- 800014

विषयः **Construction of Plug and Play Pre Engineered Multistory Building at Industrial Area, Bihta, Patna Phase-1 कार्य हेतु Debar करने के संबंध में।**

प्रसंगः प्राधिकार के पत्रांक 4731/Tech दिनांक 29.08.23 एवं आपका पत्रांक GANGA/2023-24/EE/IDA/PDA/18 दिनांक 02.09.2023.

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि Construction of Plug and Play Pre Engineered Multistory Building at Industrial Area, Bihta, Patna Phase-1 का एकरारनामा सं0 70/SBD/2022-23 दिनांक 01.02.2023 किया गया है, जिसके अनुसार कार्य प्रांरभ करने की तिथि दिनांक 27.12.2022 एवं कार्य पूर्ण करने की तिथि 26.06.2023 थी। उक्त परियोजना को पूर्ण करने की अवधि वर्त्तमान में समाप्त हो चुकी है। परंतु अबतक आपके द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है।

उक्त के संदर्भ में प्राधिकार के पत्रांक 4731/Tech दिनांक 29.08.23 द्वारा स्पष्टीकरण निर्गत किया गया है जिसके आलोक में आपके पत्रांक GANGA/2023-24/EE/IDA/PDA/18 दिनांक 02.09.2023 द्वारा स्पष्टीकरण का प्रत्युत्तर कार्यालय को प्राप्त हुआ है। आपके द्वारा समर्पित प्रत्युत्तर की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत निम्न तथ्य प्रकाश में आये हैः-

कार्य समाप्ति अवधि के 2.5 माह बीत जाने के बाद भी अबतक सिर्फ 60% कार्य ही पूर्ण किया गया है। प्राधिकार के पत्रांक 4731/Tech दिनांक 29.08.23 में उल्लेखित प्रासंगिक पत्रों के माध्यम संवेदक को कार्य पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया, परंतु संवेदक द्वारा कार्य में अपेक्षित नहीं लाया गया। एकरारनामा के अनुसार Milestone के अनुसार कार्य नहीं किये जाने के कारण आर्थक दंड भी लगाया गया है। संवेदक द्वारा कराये गये कार्यो का भुगतान भी अद्यतन है। Drawings चरणबद्व आपको उपलब्ध कराया जाता रहा है। उक्त परियोजना एकरारनामा के अनुसार अत्यंत मंद गति से क्रियान्वित किया जा रहा है। जिससे स्पष्ट होता है कि किसी परिस्थति में प्रासंगिक योजना को प्रावधानित समय-सीमा में पूर्ण किया जाना संभव नहीं है।

अतः Ganga Enterprises द्वारा प्रदत्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए उनके **निबंधन संख्या-IDA/09/Class-1/2023** को भविष्य में किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0/-

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

ज्ञापांक 5142/PI   दिनांक 16/9/23

प्रतिलिपिः जन–संपर्क पदाधिकारी, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/9/23

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)